# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार कमान की ओर से श्री विजयपुरम में सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक द्वीप दीक्षा संवाद का आयोजन किया जा रहा है।
- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आज 'जैविक और प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ छब्बीस दिसंबर को अंडमान जल क्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी स्मारक में आयोजित की जाएगी।
- सांसदों को मुद्दों को संबोधित करने और नीतियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए सरकार ने 'सांसद निवारण तंत्र' की शुरुआत की है।
- चुनाव आयोग ने मायाबंदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहलगांव में प्रधान के पद के लिए होने वाले उप–चुनाव को आंशिक रूप से रद्द करने का आदेश दिया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान श्री विजयपुरम में सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक द्वीप दीक्षा संवाद की मेज़बानी कर रहा है। दो हजार चार सुनामी हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए सबक और संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपसमूह सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के अलावा आई ओ एन एस के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। संगोष्ठी में हिन्द महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के साथ हिन्द महासागर नौसैनिक संगोष्ठी कार्य समूह में शामिल देश भी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, भुवनेश्वर ने केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग के सहयोग से आज क्यारी में 'जैविक और प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती की ओर आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराना था। कृषि निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि पर जोर दिया। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने आज के परिदृश्य में जैविक और प्राकृतिक खेती के महत्व, स्वास्थ्य लाभ और आवश्यकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों के लिए समय–समय पर जैविक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी करती है। उन्होंने किसानों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का अनुरोध किया। आर सी ओ एन एफ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जगत सिंह ने जैविक और प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि इसमें द्वीपसमूह में सिद्धांत, वर्तमान स्थिति और गुंजाइश शामिल हैं। आर सी ओ एन एफ के सहायक निदेशक डॉ. एस के आर इंगले ने भागीदारी गारंटी प्रणाली, बड़े क्षेत्र प्रमाणन और परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में पद्म श्री से सम्मानित के. चेल्लामल और कृषक श्री पंजमुत्थु को भी सम्मानित किया गया। इसमें एक सौ से अधिक, विभागीय कर्मचारियों, किसानों और कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ छब्बीस दिसंबर को अंडमान जल क्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी स्मारक में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम सुबह साढ़े सात बजे से आरंभ होगी। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और अन्य गणमान्य लोग दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देंगे। स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

उधर, सुनामी वर्षगांठ मनाए जाने के सिलसिले में राजीव गांधी जल क्रीड़ा परिसर से चलने वाली सभी IV नौकाओं को पच्चीस दिसंबर को अबरडीन जेट्टी से जंगलीघाट जेट्टी पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। छब्बीस दिसंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप और मरीना पार्क के पास अबरडीन जेट्टी के बीच के क्षेत्र में किसी भी जहाज को लंगर डालने की अनुमति नहीं है। जेटस्की, जलक्रीड़ा नौकाओं के सभी मालिकों से भी पच्चीस

दिसंबर, को शाम पांच बजे तक अपने जलयानों को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। छब्बीस दिसंबर को अबरडीन जेट्टी से किसी भी जल क्रीड़ा गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद सामान्य नौका सेवा को फिर से शुरू की जा सकती है।

<><><><><><>

सरकार ने हाल ही में 'सांसद निवारण तंत्र' की शुरुआत की है, जिसमें सभी सांसदों को मुद्दों को संबोधित करने, नीतियों पर प्रतिक्रिया देने और केंद्रीय मंत्रियों की अध्यक्षता वाले समूहों के माध्यम से शासन से जुड़ने का मंच प्रदान करता है। इसके तहत सांसद श्री बिष्णु पद रे ने भारत सरकार के संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को एक पत्र सौंपा है, जिसमें द्वीपसमूह से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, ताकि उचित स्तर पर उनका शीघ्र समाधान किया जा सके। सांसद से पत्र प्राप्त होने के बाद, श्री सिंधिया ने समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित मंत्रालयों को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा है। आवास, शहरी मामले और ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर को भेजे अपने पत्र में भूमि रूपांतरण, सर्किल दरों और स्टांप ड्यूटी के मामलों को हल करने के लिए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को लिखे पत्र में द्वीपसमूह के अस्पतालों की दयनीय स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। इसके अतिरिक्त श्री सिंधिया ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक अलग पत्र लिखकर सांसद द्वारा निर्वाचित निकायों को पर्याप्त धनराशि जारी न किए जाने तथा पंचायती राज संस्थाओं तथा नगर निकाय की शक्तियों को कथित रूप से वापस लिए जाने की शिकायत पर उनका ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया है। इसी तरह श्री सिंधिया ने बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल को भी पत्र लिखकर सांसद द्वारा द्वीपसमूह में बंदरगाह अवसंरचना की दयनीय स्थिति तथा चेन्नई बंदरगाह पर तटीय जहाजों को समय पर बर्थिंग न दिए जाने के बारे में उठाए गए मुद्दों का हवाला दिया है। श्री सिंधिया ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को भी पत्र लिखा है। राजमार्ग मंत्री ने सांसद द्वारा चाथम – बम्बूफ्लाट के बीच पुल निर्माण के संबंध में उठाए गए मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की है।

<><><><><><>

पंचायत और नगरपालिका चुनाव निदेशक कार्यालय के चुनाव प्रभारी अधिकारी ने उच्च न्यायालय कलकत्ता के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच द्वारा पारित निर्णय के हवाले से पहलगांव पंचायत के प्रधान शिबानन्द बैरागी को पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी के समक्ष अपनी सभी शिकायतों की जानकारी देते हुए एक औपचारिक प्रतिनिधित्व दायर करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा चुनाव प्रभारी अधिकारी ने पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी को रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद और प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की तिथि से चार सप्ताह के भीतर सभी आवश्यक पक्षों को सुनवाई का अवसर देने के बाद इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि जब तक पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक पारित अविश्वास प्रस्ताव प्रभावी नहीं होगा। इसे देखते हुए चुनाव आयोग ने मायाबंदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहलगांव में प्रधान के पद के लिए होने वाले उप–चुनाव को आंशिक रूप से रद्द करने का आदेश दिया है।

<><><><><><>

गणतंत्र दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में छब्बीस दिसम्बर को सुबह दस बजे से आरंभ होगी। बैठक में मार्चिंग दलों, झांकियों और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><>